# राष्ट्रीय सहारा

कानपुर • मंगलवार • 10 जनवरी • 2023


# ाएसए का 24वां दीक्षांत समारोह कल

**...भ्यास कर ...खीं गईं दीक्षांत ...रोह की ...रियां**

**... मुक्ता गर्ग ... राज्यपाल व ...पति ने ...भ्यास में स्वयं ...ाई अपनी ...का**

...हारा न्यूज ब्यूरो

...ुर। ...ए कृषि एवं ...गकी विवि में ...वरी को होने वाले 24वें दीक्षांत ...ह के क्रम में सोमवार को पूर्वाभ्यास ...गया। बाकायदा शोभा यात्रा निकाली ... दीक्षांत मंच से उपाधियां वितरित करने ...र्वाभ्यास किया गया।

...र्वाभ्यास में कुलाधिपति व राज्यपाल ...मेका विवि की अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ.मुक्ता गर्ग ने निभाई व मेधावियों को मेडल व उपाधियां दी। अधिष्ठाता मत्स्य व डेयरी विज्ञान डॉ.जेपी यादव ने मुख्य अतिथि प्रो.रमेश चन्द्र (सदस्य नीति आयोग) की भूमिका निभाई, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि व कृषि शिक्षा मंत्री व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ओलख की भूमिका डॉ.एनपी शर्मा व डॉ.लोकेन्द्र सिंह ने निभाई। विवि की कुलपति की भूमिका के पूर्वाभ्यास में कुलपति डॉ.डीआर सिंह स्वयं मौजूद रहे।



सीएसए के दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास कराते कुलपति व अन्य। फोटो : एसएनबी

दीक्षांत समारोह के आयोजन में कोई कमी न रहे इसे ध्यान में रख पूर्वाभ्यास को कई चरणों में दोहराया गया। समारोह के विभिन्न कार्यों से संबंधित विभिन्न समितियों के लोग भी मौजूद रहे। पूर्वाभ्यास में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का संचालन डॉ.श्वेता यादव डॉ.नौशाद खान ने संयुक्त रूप से किया।

विवि प्रवक्ता डॉ.खलील खान ने बताया कि अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मुनीष कुमार, डॉ.आरके यादव, डॉ.अरबिंद कुमार सिंह सहित सभी प्रोफेसरों ने पूर्वाभ्यास में भागीदारी की।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

एयरो इंडिया 2023 के लिए राजदूतों की... 12

बनारस में आतिथ्य का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 90
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 10 जनवरी, 2023

## सीएसए ने 24वें दीक्षांत समारोह का किया पूर्वाभ्यास



जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 11 जनवरी को होने वाले 24वें दीक्षांत समारोह के क्रम में बीते दिन सोमवार को दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमे दीक्षांत समारोह की तरह शोभायात्रा निकालने के साथ दीक्षांत मंच से उपाधियां वितरित करने का पूर्वाभ्यास भी किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान राज्यपाल की भूमिका को निभाते हुए विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ.मुक्ता गर्ग ने मेधावीयों को मेडल व उपाधियां दीं। वही अधिष्ठाता मत्स्य एवं डेयरी विज्ञान डॉ. जे.पी. यादव ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश चंद्र मा. सदस्य नीति आयोग, डॉ. एन.पी. शर्मा ने विशिष्ट अतिथि मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उत्तर प्रदेश सूर्य प्रताप शाही, डॉ. लोकेंद्र सिंह ने विशिष्ट अतिथि कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ओलख तथा विश्वविद्यालय के कुलपति की भूमिका स्वयं कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह ने निभाई। डॉ. खलील खान ने बताया कि दीक्षांत समारोह के आयोजन के समय किसी प्रकार की कमी ना रहे इसलिए पूर्वाभ्यास को कई चरणों में दोहराया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीष कुमार, अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ.मुक्ता गर्ग, डॉ. आर.के. यादव, डॉ. अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

आज 10/01/2023

# दीक्षांत समारोह कल, राज्यपाल बांटेगी मेडल व उपाधियां

## सीएसए में हुआ २४वें दीक्षांत समारोह का रिहर्सल

कानपुर, 9 जनवरी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में बुधवार (11 जनवरी 2023) को होने वाले 24वे दीक्षांत समारोह के क्रम में आज सोमवार को दीक्षांत समारोह का रिहर्सल हुआ। दीक्षांत समारोह की शोभायात्रा निकाली गई और दीक्षांत मंच से उपाधियां वितरित करने का पूर्वाभ्यास भी किया गया। रिहर्सल के दौरान राज्यपाल की भूमिका को निभाते हुए डा. मुक्ता गर्ग ने मेधावीयों को मेडल व उपाधियां दी। अधिष्ठाता मत्स्य एवं डेयरी विज्ञान डॉ जेपी यादव ने मुख्य अतिथि प्रो. रमेश चंद्र, सदस्य नीति आयोग की भूमिका निभाई। जबकि विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रताप शाही मंत्री कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उत्तर प्रदेश डॉ. एनपी शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि कृषि राज्य मंत्री




दीक्षान्त के दौरान कुलपति व अन्य।

बलदेव सिंह ओलख की भूमिका में डॉ. लोकेंद्र सिंह रहे। सीएसए के कुलपति डॉ डीआर सिंह स्वयं उपस्थित रहे। सोमवार को कैलाश भवन के सभागार में हुई दीक्षांत समारोह से संबंधित समितियों के सभी सदस्य शामिल हुए जोकि दीक्षान्त के रिहर्सल के दौरान अपने-अपने कार्यो को बखूबी कर रहे थे, ताकि दीक्षांत समारोह के आयोजन के समय कोई कमी न रह जाए। पूर्वाभ्यास को कई चरणों में दोहराया गया। पूर्वाभ्यास में दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता यादव एवं डॉक्टर नौशाद खान ने संयुक्त रूप से किया। दीक्षांत समारोह पूर्वाभ्यास में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ धर्मराज सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीष कुमार, अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. डॉ मुक्ता गर्ग, डॉ. आर.के. यादव, डॉ. अरविंद कुमार सिंह सहित शिक्षक मौजूद रहे।

अधिकतम तापमान 20.00° >> न्यूनतम तापमान 08.00° >> सूर्योदय 6:57 >> सूर्यास्त 17:30 >> डालर 82.35 >> यूरो 8

दैनिक भास्कर
देश का विश्वसनीय अखबार
लखनऊ | वर्ष-07, अंक-98 | मंगलवार 10 जनवरी 2023 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य 3.00 रुपये
झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित

ग्राम चौपालों में जनप्रतिनिधि व अफसर होंगे सम्मानित

# 24वें दीक्षांत समारोह का हुआ पूर्वाभ्यास

**कानपुर।** सीएसए में 11 जनवरी बुधवार को होने वाले 24वे दीक्षांत समारोह के क्रम में सोमवार को दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। बाकायदा दीक्षांत समारोह की तरह शोभायात्रा निकाली गई व दीक्षांत मंच से उपाधियां वितरित करने का पूर्वाभ्यास भी किया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका को निभाते हुए विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉक्टर मुक्ता गर्ग ने मेधावीयों को मेडल व उपाधियां दी। अधिष्ठाता मत्स्य एवं डेयरी विज्ञान डॉक्टर जेपी यादव ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश चंद्र सदस्य नीति आयोग की भूमिका निभाई।

अमर उजाला कानपुर 10/01/2023

# सीएसए में हुआ दीक्षांत समारोह का रिहर्सल




**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में 11 जनवरी को होने वाले 24वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास सोमवार को किया गया। शोभायात्रा निकालकर मंच से उपाधियां बांटने का अभ्यास किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका को निभाते हुए विवि की अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉक्टर मुक्ता गर्ग ने मेधावियों को मेडल व उपाधियां दीं। डॉक्टर जेपी यादव ने मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद्र की भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ. धर्मराज सिंह, डॉ. मुनीष कुमार, डॉ. आरके यादव और डॉ. अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

हिंदुस्तान 10/01/2023

# सीएसए में 24वें दीक्षांत समारोह का हुआ रिहर्सल

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में 11 जनवरी को 24वें दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। इसके लिए सोमवार को रिहर्सल किया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका में अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग ने मेधावियों को मेडल व उपाधियां दीं।

में से तीन स्नातक सीटों पर भाजपा

# सीएसए दीक्षा समारोह का हुआ रिहर्सल

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के 24वें दीक्षा समारोह की तैयारी सोमवार को पूरी हो गईं। कुलपति डा. डीआर सिंह ने इसका जायजा लिया और इसके बाद समारोह का रिहर्सल कराया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। सांकेतिक तौर पर विद्यार्थियों को पदक व पुरस्कार दिलाने का अभ्यास भी किया गया।

दीक्षा समारोह 11 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। इसकी अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी और मुख्य अतिथि के तौर पर नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद्रा व विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख होंगे। मुख्य अतिथि को मानद उपाधि भी प्रदान की जाएगी। सोमवार को पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में दीक्षा समारोह की तरह ही शोभायात्रा निकाली गई और मंच से उपाधियां वितरित करने का अभ्यास किया गया। मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि पूर्वाभ्यास में राज्यपाल की भूमिका अधिष्ठाता गृह विज्ञान डा. मुक्ता गर्ग ने निभाई और मेधावियों को सांकेतिक मेडल और उपाधियां दीं। अधिष्ठाता मत्स्य व डेयरी विज्ञान डा. जेपी यादव ने मुख्य अतिथि की और डा. एनपी शर्मा व डा. लोकेंद्र सिंह ने विशिष्ट अतिथियों की भूमिका निभाई। डा. श्वेता यादव, डा. नौशाद खान, डा. धर्मराज सिंह, डा. मुनीष कुमार आदि रहे।

दैनिक जागरण 10/01/2023